भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 82

29 नवम्बर को उत्तर के लिए

स्मार्ट सिटीज़ मिशन (एससीएम) के अंतर्गत परियोजनाएं

82 श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्मार्ट सिटीज़ मिशन (एससीएम) के अंतर्गत ऐसी कितनी परियोजनाएं हैं जो नवम्बर 2021 तक पूर्ण हो चुकी हैं।

(ख) नवम्बर, 2021 तक कुल कितनी परियोजनाओं के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं;

(ग) सरकार द्वारा पांच वर्षों की अवधि में कुल 48,000 करोड़ रूपये खर्च करने की प्रतिबद्धता में से नवम्बर, 2021 तक कितनी राशि जारी की गई है।

(घ) क्या सरकार स्मार्ट सिटीज मिशन 2021 के अंतर्गत पहले चरण के चयनित शहरों की परियोजनाओं को पूरा करने की घोषित अंतिम तिथि को पूरा करने की मंशा रखती है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री कौशल किशोर)

(क) और (ख) भारत सरकार ने स्मार्ट शहरों के रूप में 100 शहरों के विकास के लिए 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) की शुरुआत की। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 दौर के माध्यम से शहरों का चयन किया गया। 12 नवंबर 2021 की स्थिति के अनुसार, इन स्मार्ट शहरों ने ₹1,84,998 करोड़ की 6,452 परियोजनाओं के लिए निविदा जारी की है;

जिनमें से ₹ 1,56,571 करोड़ की 5,809 परियोजनाओं के लिए कार्य आदेश जारी किए जा चुके हैं और उन परियोजनाओं में से ₹ 53,175 करोड़ की 3,131 परियोजनाओं को पूरा किया जा चुका है।

(ग) 12 नवंबर 2021 की स्थिति के अनुसार, केंद्र सरकार ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनके स्मार्ट शहरों के लिए ₹ 27,235 करोड़ जारी किए हैं।

(घ) और (ड.) जनवरी, 2016 में पहले चरण में चयनित 20 स्मार्ट शहरों की परियोजनाओं की स्थिति निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रू. में)

स्मार्ट शहर	निविदा चरण		कार्य आदेश चरण		पूर्ण कार्य		कुल परियोजनाएं	कुल राशि
	परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि		
दौर - 1 (20 शहर)	142	11,874	565	26,877	1,203	20,129	1,910	58,880

₹ 58,880 करोड़ की 1,910 परियोजनाएं, जो चरण-I में चयनित स्मार्ट शहरों के स्मार्ट सिटी प्रस्तावों (एससीपी) का भाग थीं, में से ₹ 47,006 करोड़ (80%) की 1,768 परियोजनाएं (93%) या तो पूरी हो चुकी हैं या उनका कार्यान्वयन किया जा रहा है। एससीएम के कार्यान्वयन की अवधि जून 2023 तक बढ़ा दी गई है और चरण- । के सभी शहरों से निर्धारित समय के भीतर अपनी परियोजनाएं पूरा करने की आशा है।

***